एक्शन में प्रशासन : अतिक्रमण मुक्त होगी हिरन नदी

हिरन नदी एवं अमहा तालाब का कलेक्टर ने राजस्व और नपा अमले के साथ किया निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने तथा गहरीकरण के दिए निर्देश

नवभारत ने प्रमुखता से उठाया मुद्दा

प्रतिबंध बेअसर : हिरन नदी का संकट में अस्तित्व
शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते नदी से नाला बनी शहर की जीवनदायिनी रही हिरन नदी में नही थम रहा अतिक्रमण
जल गंगा संवर्धन अभियान पर कुठाराघात
इनका कहना है
रजापत के नियमन का खुलेआम हो रहा उल्लंघन
सीएमओ को मौका मुआयना के आदेश

नवभारत ने हिरन नदी के भारी अतिक्रमण के चलते अस्तित्व संकट में है का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है। साथ ही नदी से नाला बनी शहर की जीवन दायिनी बनी हिरन नदी में अतिक्रमण न थमने पर सार्थक कार्यवाई करने पर भी शहरवासियों की मंशानुसार जोर दिया है, जिससे हिरन नदी अपने पुराने अस्तित्व में लौट सके।

नवभारत मुहिम

सीधी 2 जून। हिरन नदी एवं अमहा तालाब का कलेक्टर ने राजस्व और नपा अमले के साथ निरीक्षण किया और अतिक्रमण हटाने तथा गहरीकरण के निर्देश दिये। एक्शन में प्रशासन के आने से हिरन नदी अब अतिक्रमण मुक्त होगी?

कलेक्टर विकास मिश्रा ने मंगलवार सुबह नगर पालिका एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ हिरण नाले का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था एवं अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नाले के आसपास किए गए अतिक्रमणों को चिन्हित कर उन्हें हटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ मौके पर कार्ययोजना तैयार करते हुए नाले की नियमित सफाई, जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों एवं नालों का संरक्षण शहर की स्वच्छता और पर्यावरणीय संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके पश्चात कलेक्टर ने अमहा तालाब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब की वर्तमान स्थिति का अवलोकन कर जल संरक्षण एवं जल संचयन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से गहरीकरण कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ प्रिया पाठक, तहसीलदार राकेश शुक्ला सहित नगर पालिका एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

अतिक्रमणकारियों के भवनों को किया गया चिन्हित

कलेक्टर के आज हिरन नदी का मौके पर निरीक्षण करने के पश्चात यह बात पूरी तरह से स्पष्ट हुई कि यहां भारी अतिक्रमण कर नदी को नाली में तब्दील कर दिया गया है। कलेक्टर के निर्देश के पश्चात हिरन नदी के अतिक्रमणकारियों के भवनों को चिन्हित करने की कार्यवाही राजस्व टीम द्वारा मौके पर शुरू की गई। अतिक्रमणकारियों के भवनों को जिस तरह से चिन्हित करने की कार्यवाही आज पूरी तत्परता के साथ हुई है उससे यह आभाष होने लगा है कि इनको गिराने की कार्यवाही भी जल्द शुरू होगी। हिरन नदी के अतिक्रमणकारियों के घरों के गिरने के पश्चात ही नदी अपने वास्तविक स्वरूप में आ सकेगी।

जनसुनवाई : 579 आवेदकों की सुनी गईं समस्याएं

नवभारत न्यूज

सीधी 2 जून। जनसुनवाई में कलेक्टर विकास मिश्रा ने स्वयं उपस्थित होकर 579 आवेदकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदनों पर मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई, जिससे आमजन को राहत मिली।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी आवेदन का निराकरण संभव न हो अथवा उसे निरस्त किया जाए तो उसके स्पष्ट कारण संबंधित आवेदक को बताए जाएं। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों को विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया, वहीं आधार अपडेट की सुविधा भी उपलब्ध रही। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए जनसुनवाई स्थल पर कूलर, पेयजल एवं छाया की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे दूर-दराज से आए नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। जनसुनवाई में एडीएम बी.पी.पाण्डेय, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत धनंजय मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा ने गठित किया सहयोग सेल, सांसद-विधायक पार्टी कार्यालय में रहेंगे उपस्थित

नवभारत न्यूज

सीधी 2 जून। भारतीय जनता पार्टी म.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार पार्टी की कार्यप्रणाली कार्यकर्ता आधारित एवं प्रदेश भाजपा सरकार के जन भावनाओं के अनुरूप बनाने के उद्देश्य भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु एवं उनके द्वारा अपेक्षित जनहित लोक कल्याण व विकास के विषयों को गति देने के लिए प्रत्येक माह नियमित रूप से सप्ताह के सोमवार से शुक्रवार तक सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं संगठनात्मक विषयों के लिए जिला पदाधिकारी की बैठक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने प्रदेश नेतृत्व की मंसानुरुप सहयोग सेल बनाई है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि 3 जून को सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक पार्टी कार्यालय में प्रात: 11 से दोपहर 1 बजे तक उपस्थित रहेंगे।

4 जून को लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, 5 जून को सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, 8 जून को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू रामजी सिंह, 9 जून को धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, 10 जून को सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, 11 जून को सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, 12 जून को सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, 15 जून को जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, 16 जून को धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, 17 जून को सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, 18 जून को सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, 19 जून को सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, 22 जून को जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, 23 जून को धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, 24 जून को सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, 25 जून को लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, 26 जून को सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक उपस्थित रहेंगी।

जंगली हाथी के हमले में मृत दंपत्ती के परिजनों को 16 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

नवभारत न्यूज

सीधी 2 जून। जिले के ग्राम तिलया में 1 जून को जंगली हाथी के हमले में हुई दुखद घटना में मृतक स्व. भैयालाल यादव एवं स्व.श्रीमती सियावती यादव के निकटतम वारिसों को शासन के नियमानुसार कुल 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए राहत राशि स्वीकृति पत्र वारिसों को सौंपा। सांसद डॉ.मिश्रा ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य रखने का संबल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शासन एवं प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है तथा उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में जिला प्रशासन की ओर से भी घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि वन्यजीवों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत विस्थापन कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने विस्थापन प्रक्रिया को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का सतत मूल्यांकन किया जा रहा है। उन्होंने गुरुवार को स्वयं क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने की बात कही। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित परिवारों को शासन की सभी पात्र हितलाभ योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए तथा ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उपसंचालक संजय टाइगर रिजर्व राजेश कन्ना टी, अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सतायु पूर्ण कर स्वर्गवासी हुए रामचंद्र शुक्ल

नवभारत न्यूज

मझौली 2 जून। क्षेत्र के प्रतिष्ठित, लोकप्रिय एवं वयोवृद्ध व्यक्तित्व के धनी रामचंद्र शुक्ल (ब्योहर बाबा) पिता केशव राम शुक्ला निवासी अतरैला देवई सतायु पूर्ण कर 105 वर्ष की उम्र में पुत्र-पुत्री एवं पोता-पोतियों से भरा पूरा परिवार छोड़कर सोमवार को स्वर्गवासी हो गए।

बताते चलें कि स्वर्गीय शुक्ला 1970 से 1980 तक ग्राम पंचायत देवई के उपसरपंच भी निर्वाचित रहे। उनके साथ पुत्र थे जिनमें दिवाकर, साकेत बिहारी, स्व.धनुषधारी, राम सुंदर, राम बोला एवं उपेन्द्र प्रसाद शुक्ला जो उपखंड अधिकारी मझौली के कार्यालय में लिपिक के पद पर पदस्थ हैं। उनके पोते एडवाकेट अंबुज कुमार शुक्ला है। स्वर्गीय शुक्ल के निधन की खबर आग की तरह क्षेत्र में फैल गई एवं शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। सभी उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर मृतात्मा की शांति एवं मोक्ष के लिए ईश्वर से कामना करते हुए शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

कलेक्टोरेट परिसर में शुरू हुआ जैविक संसाधन केन्द्र, एक ही स्थान पर मिलेंगे प्राकृतिक खेती के आदान

नवभारत न्यूज

सीधी 2 जून। जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देश पर म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सीधी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में जैविक संसाधन केंद्र के माध्यम से निर्मित जैविक कृषि आदानों के विक्रय एवं प्रदर्शन का शुभारंभ किया गया।

इस पहल का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक संसाधन सुलभ कराना तथा जैविक कृषि के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जैविक संसाधन केन्द्र में बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र एवं अग्निआस्त्र सहित विभिन्न प्राकृतिक एवं जैविक कृषि आदानों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। केन्द्र के माध्यम से किसानों को इन उत्पादों के उपयोग, लाभ एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों की मांग के अनुसार इन केन्द्रों की संचालिकाओं द्वारा उचित मूल्य पर जैविक उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। वर्तमान में सीधी विकासखंड के अंतर्गत बढ़ौरा, देवगढ़, डिहुली एवं टीकटकला में जैविक संसाधन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से किसानों को गुणवत्तापूर्ण जैविक उत्पाद उपलब्ध कराने, रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है।

विश्व मांगल्य सभा की सदाचार सभा में संस्कार एवं संस्कृतियों पर मंथन

नवभारत न्यूज

सीधी 2 जून। विश्व मंगल सभा की मासिक सदाचार सभा का आयोजन 1 जून को श्री साई महाविद्यालय प्रांगण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्यों के साथ कुछ नवीन सदस्यों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर आराधना के अंतर्गत भजन जो सीमा सिंह के द्वारा प्रस्तुत किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात श्रीमती अजीता द्विवेदी के द्वारा शक्तिगान गाया गया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष सीधी श्रीमती रचना मिश्रा द्वारा पंचश्लोक के अंतर्गत पांच श्लोकों का वाचन किया गया तथा उनके अर्थों को सरल एवं प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात सहसचिव आरती सिंह के द्वारा 15 मिनट का योग एवं प्राणायाम सत्र कराया गया तथा महिलाओं से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान और सुझाव भी बता गए। श्रीमती शशि गौतम के द्वारा स्वाध्याय हेतु जगतमाता अहिल्याबाई का विषय प्रस्तुत किया गया तथा उनकी वीरता, साहस एवं त्याग से संबंधित प्रेरणादायक प्रसंगों पर चर्चा की गई, इस विषय पर सभी महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने विचार साझा किए। इसके पश्चात प्रियंका पांडे के द्वारा एक रोचक खेल का आयोजन किया गया। अजीता द्विवेदी के द्वारा शिव रुद्राष्टकम का सुंदर वाचन किया गया। सुलोचना पांडे द्वारा ध्वज प्रार्थना एवं जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विनीता मिश्रा द्वारा किया गया। इस सदाचार सभा में ऋचा सिंह अध्यक्ष भारत विकास परिषद, मंजू शुक्ला, सुनीता रानी वर्मा, कंचन, गरिमा सिंह, सुमन सिंह, श्रुति सिंह, आकांशा सिंह की विशेष उपस्थिति रही।

सांदीपनि विद्यालय रामपुर नैकिन में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, सांसद ने छात्रों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

रामपुर नैकिन 2 जून। चुरहट विधानसभा के रामपुर नैकिन स्थित सांदीपनि विद्यालय में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने छात्रों के साथ सीधा संवाद किया। विकसित भारत 2047 के संदर्भ में विकसित सीधी के लिए शासन स्तर पर क्या बदलाव किए जाएं, इस विषय पर बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सांसद ने दिए। उन्होंने सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी साझा की। सांसद ने छात्रों से अपील की कि यदि उनके पास विकास से जुड़े कोई अन्य सुझाव हों तो वे उनके ईमेल आईडी पर भेजें। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सांसद डॉ.मिश्रा ने सभी को उज्जवल भविष्य हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष द्विवेदी द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन बीईओ रामपुर नैकिन अवधशरण पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार साहू, प्रदीप शुक्ला, स्तुति मिश्रा, मंडल अध्यक्ष विजय शंकर शुक्ला, आनंद बिहारी मिश्रा, राजेश मिश्रा राजा, श्रीमती गुड़िया साकेत, श्रीमती संगीता गुप्ता, जिला शिक्षा केन्द्र से डीपीसी, बीईओ रामपुर नैकिन अवधशरण पाण्डेय, बीआरसीसी रामपुर नैकिन श्रीप्रकाश जायसवाल, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य बद्री त्रिपाठी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रशासनिक अधिकारी, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

जनजागरुकता और सख्ती से कम होंगी सड़क दुर्घटनाएं : डॉ .राजेश

सड़क सुरक्षा को लेकर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, 1 जुलाई से बंद होगा पुराना बस स्टैण्ड

नवभारत न्यूज

सीधी 2 जून। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सांसद एवं समिति अध्यक्ष डॉ.राजेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, दुर्घटना नियंत्रण, जनजागरूकता तथा नए बस स्टैण्ड के संचालन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सांसद ने संबंधित विभागों को समन्वित प्रयासों के साथ कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि आगामी 1 जुलाई से पुराने बस स्टैंड का संचालन बंद किया जाना प्रस्तावित है। इसे ध्यान में रखते हुए सांसद ने नए बस स्टैंड में यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, पार्किंग एवं यातायात संचालन से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सांसद ने जिले में चिन्हित सड़क दुर्घटना संभावित स्थलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया जाए तथा वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, सड़क सुरक्षा चिन्ह, बैरिकेडिंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बिना नंबर प्लेट संचालित वाहनों तथा ओवर लोड वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना पीड़ित कैशलेस उपचार योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर के भीतर त्वरित एवं कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। योजना के तहत पात्र पीड़ितों को दुर्घटना की तिथि से 7 दिनों तक अधिकतम 1.50 लाख रुपये तक की नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में राहवीर योजना की भी समीक्षा की गई। सांसद ने हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर विशेष जोर देते हुए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। यातायात नियमों का पालन कर अनेक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और बहुमूल्य जीवन बचाए जा सकते हैं। बैठक में एसपी संतोष कोरी, एडीएम बी.पी.पाण्डेय, जिले के समस्त एसडीएम, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

यातायात नियमों का उल्लंघन सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण

सांसद ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है इसलिए ऐसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है। शहरी क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा अतिक्रमण नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए, जिससे नागरिकों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।